दिन– गुरूवार  दिनांक– 02/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।  अवधि– 05 मिनट

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ छप्पनवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली में राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, प्रदेश में मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

——————————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में किया गया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

——————————————————————

विजयादशमी यानी दशहरा का पर्व आज परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दशहरा के मौके पर पटना के गांधी मैदान में आज शाम रावण पुतला दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे। इधर, पटना जिला प्रशासन ने पुतला दहन कार्यक्रम पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। गांधी मैदान में अस्थाई अस्पताल भी बनाया गया है। आज पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी

अपराजित लोहान ने बताया कि शहर के अट्ठाईस मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि विजयादशमी का पर्व सभी को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजयादशमी पर हर किसी के साहस, बुद्धि और भक्ति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की कामना की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व हमें ईमानदारी, सच्चरित्रता, सहिष्णुता, सेवा और करूणा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

———————————————————————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ– आरएसएस आज अपना शताब्दी वर्ष समारोह मना रहा है। इस अवसर पर नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि स्वदेशी और स्वावलम्बन का कोई विकल्प नहीं है। उन्होने कहा कि कोई भी राष्ट्र अलग–थलग नहीं रह सकता है, इसलिए हमें अपने अंतर्राष्ट्रीय और व्यापारिक संबंधों को यथावत रखना चाहिए। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी संबोधित किया।

———————————————————————

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के चलते प्रदेश में कल से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बरौनी में सबसे अधिक एक सौ साठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज बांका, जमुई और पश्चिम चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, अरवल, मुंगेर, भागलपुर, बक्सर, कैमूर, सीवान, सारण, गोपालगंज और पूर्वी चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।